

हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–302 : जौनपुर, सोमवार 14 मार्च 2022 | सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) | पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## जून में पीएम मोदी के हाथों वाराणसी को मिलेगी बड़ी सौगात : भव्य कार्यक्रम की तैयारी

वाराणसी ब्यूरो : यूपी में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया के साथ ही वाराणसी की विकास परियोजनाओं को भी गति मिलने लगी है। जून महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के साथ ही वाराणसी को परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने वाराणसी में मई तक पूरी होने वाली परियोजनाओं की रिपोर्ट तलब की है और साथ ही शिलान्यास वाली संभावित परियोजनाओं की भी जानकारी मांगी है। पीएमओ ने प्रशासन को जून महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काशी आगमन और भव्य समारोह में शिलान्यास व लोकार्पण की सूचना भेजी है। पीएमओ से मिले संकेत के बाद प्रशासन परियोजनाओं की मॉनिटरिंग में जुट गया है और मई में पूरी होने वाली परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन शुरू कराया गया है। ज्यादातर परियोजनाएं मई तक पूरी होने की उम्मीद विधानसभा चुनाव में अधिकारियों व कर्मचारियों की व्यस्तता के चलते वाराणसी की निर्माणाधीन परियोजनाओं की गति धीमी हो गई थी। चुनाव संपन्न होने के बाद अब उन परियोजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा कराने का प्रयास शुरू किया गया है। ऐसे में ज्यादातर परियोजनाएं मई तक पूरी होने की उम्मीद है। 23 दिसंबर को पीएम ने दी थी दो हजार करोड़ रुपये की सौगात ऐसे में प्रधानमंत्री कार्यालय ने सभी प्रोजेक्ट की डिटेल रिपोर्ट मांगी है और जून में पीएम मोदी के काशी दौरे की सूचना भी भेजी है। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 दिसंबर 2021 को वाराणसी आगमन के दौरान करीब दो हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया था। इसके करीब 15 दिन बाद अधिसूचना के चलते निर्माणाधीन परियोजनाएं प्रशासन के फोकस में नहीं रह पाई थीं। अब तीन महीने में फुलवरिया फोरलेन, दशाश्वमेध प्लाजा, काशी विश्वनाथ धाम का दूसरा चरण, कज्जाकपुरा आरओबी, खिड़किया घाट का दूसरा चरण सहित अन्य परियोजनाओं को पूरा करने का समय निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के साथ ही





उनका भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। परियोजनाओं की समयसीमा भी निर्धारित की जा रही है। शासन से निर्देश के बाद आगे की योजना बनाई जाएगी। इन परियोजनाओं की मिलेगी सौगात – फुलवरिया फोरलेन : लहरतारा से शिवपुर – दशाश्वमेध घाट पर टूरिस्ट प्लाजा – काशी विश्वनाथ धाम में गंगा व्यूइंग गैलरी सहित दूसरे चरण का पूरा काम – कज्जाकपुरा रेलवे ओवरब्रिज – खिड़किया घाट का दूसरे चरण का काम – करखियांव में पैकहाउस और एक्सपोर्ट सेंटर इन परियोजनाओं के शिलान्यास की उम्मीद – गंगा पार रेती पर 26 सौ करोड़ की रिवर फ्रंट योजना – 440 करोड़ रुपये की लागत से शहर में रोपवे परियोजना – 250 करोड़ की लागत से एकीकृत कमिश्नरी कार्यालय – पिंडरा में फिल्म सिटी और सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण।

## सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने अभिव्यक्ति सीजन 2 द्वारा ''एक शाम आजादी के गुमनाम वीरांगनाओं के नाम'' समारोह किया आयोजित

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा स्वतंत्रता के 75 वर्ष में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में देर शाम नगर के उत्सव मोटल में ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों के आत्मविकास हेतु ''एक शाम आजादी की गुमनाम वीरांगनाओं के नाम'' विषयक ''अभिव्यक्ति सीजन 2 समारोह'' का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष माया टंडन, विशिष्ट अतिथिगण डॉ ज्योति सिन्हा, सुनैना पाठक लेखिका, महिला कल्याण अधिकारी नीता वर्मा, डॉ नंदिनी पांडेय, डॉ सुनीता गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने अभिव्यक्ति सीजन 2 समारोह के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि प्रतियोगिता के प्रथम चरण द्वारा हमारा प्रयास भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की अनेक गुमनाम वीरांगनाओं की शौर्य गाथा एवं पराक्रम पूर्ण इतिहास से परिचित करा कर समाज को नए भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करना है तथा द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों के आत्मविश्वास हेतु भारतीय वेशभूषा में स्वयं के व्यक्तित्व का प्रदर्शन करना है। इस अवसर पर डॉ ज्योति सिन्हा ने कहा कि स्त्री शक्ति को जागरूक करने के लिए,उनकी समस्याओं से उन्हें उबारने के लिए,नई सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए सखी वेलफेयर फाउंडेशन सराहनीय कार्य कर रही है। अभिव्यक्ति सीजन 2 समारोह में काशी हिंदू विश्वविद्यालय की छात्राओं शिवानी मिश्रा, सैरी ग्लोरिया और शुभांगी सिंह ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। शुभ मंगलम डांस क्लासेज एवं श्री आरके साहू जू हाई स्कूल, चौकिया के बच्चों ने समूह नृत्य द्वारा नारी सशक्तिकरण विषयक प्रस्तुति से कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल ने तारा रानी श्रीवास्तव की भूमिका में रत्ना सिंह राजपूत, ग्राम भकुरा को अभी अभिव्यक्ति सीजन 2 का विजेता घोषित किया।




झलकारी बाई बनी रामपुर की खुशी मिश्रा फर्स्ट रनर अप तथा रानी वेलु नचियार की भूमिका निभाने वाली देवकली, करंजकला की उजाला बौद्ध सेकंड रनर अप रही। संस्थागत प्रीति गुप्ता ने वर्ष पर्यंत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों में बेहतरीन योगदान के लिए सखी अर्चना सिंह को एक्सीलेंट सखी अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए कार्यक्रम निदेशक अंकित साहू, फैशन पार्टनर आकाश सिंह, मेकअप पार्टनर अनामिका सिंह, सांस्कृतिक पार्टनर शुभ मंगलम डांस क्लासेज के शुभम, आशीष, पीयूष, इवेंट पार्टनर रौनक गुप्ता, सिद्धान्त, सागर सिंह सोलंकी आदि सहित संस्था के संरक्षकों एवं प्रायोजकों का सम्मान किया गया। समारोह का संचालन एनजीओ प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ संदीप पांडेय ने किया तथा उपस्थित सभी के प्रति आभार महासचिव तूलिका श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर तसनीम जैदी, सुजाता जायसवाल, पिंकी जायसवाल, ज्योति कपूर, शीला राय, विजय लक्ष्मी यादव, सरला माहेश्वरी, चेतना साहू, प्रियंका पांडेय, शिल्पी जायसवाल, रजनी साहू, सुहानी शाह, श्रीकांत माहेश्वरी, दिलीप सिंह, केके जयसवाल, राजेश राज गुप्ता, संतोष त्रिपाठी,डॉ ब्रह्मेश शुक्ल, डॉ चंद्रेश सिंह, डॉ वीरेंद्र सिंह सहित जनपद के तमाम गणमान्य उपस्थित रहे।

## निस्वार्थ भाव से उड़ान मासिक काव्यगोष्ठी के प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त हुई एवं रहा शानदार आयोजन

इंदौर, मध्यप्रदेश ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : संस्था विद्यांजलि भारत मंच (पंजी) इंदौर द्वारा आयोजित उड़ान मासिक काव्यगोष्ठी रविवार को चाय बडिस कैफे गोपुर चौराहे पर सम्पन्न हुई जिसमें 40 से अधिक श्रोताओं के आगमन से माहौल जम गया। संस्थापक दामोदर विरमाल ने बताया संस्था अभीतक बार्षिक आयोजन निरंतर रूप से करती आ रही है। किंतु काव्यगोष्ठी करने का यह पहला प्रयास था। जहां इंदौर में ओपन माईक के नाम पर लोग पैसा कमा रहे है वहीं हमारी संस्था का प्रयास है कि घरों में छिपी प्रतिभाओ को स्वतंत्र मंच व सम्मान बिल्कुल निशुल्क व निस्वार्थ भाव से प्रदान किये जाए। और यही वजह रही कि आयोजन की अंतिम बेला तक श्रोता व कलमकारों का आगमन होता रहा। संस्था समन्वयक जितेंद्र शिवहरे ने कहा कि प्रत्येक मासिक काव्यगोष्ठी से हम 2 श्रेष्ठ कलमकारों का चयन कार्यक्रम में आमंत्रित निर्णायक मंडल द्वारा करेंगे। और उन्ही में से श्रेष्ठ 7 कलमकारों को हम वार्षिक आयोजन महारथी विराट कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में काव्यपाठ करने का एवसर देते हुए सम्मानित करेंगे। प्रथम काव्यगोष्ठी में 2 श्रेष्ठ कलमकारों के रूप में संचित मिश्रा एवं किरण पांचाल का चयन निर्णायक मंडल में शामिल आ. चकोर चतुर्वेदी, आ. रशीद अहमद शेख, आ. धीरेंद्र जोशी ने किया एवं



वरिष्ठ अतिथि आ.बालकराम साद, आ. बृजमोहन शर्मा, आ.हरीश साथी ने साथ आकर निश्चित उपहार देकर छुपा रूस्तम सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में काव्यपाठ करने हेतु श्री अतुल दवे, उमेश त्रिवेदी, सुधाकर मिश्रा, युवराज शर्मा, सुनील सिपाही, संजय बेजार, गौरव शर्मा, रामेश्वर पाल, कृष्णा जोशी, अनिराज पांडे, निहारिका प्रजापत, केपी चौहान, शिवानी उदेनिया, राहुल मिश्रा, प्रवीण गोस्वामी, आशीष इंदौरी आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में जितेंद्र शिवहरे, मनोहर सोनी बाबा एवं आरती पंवार का विशेष सहयोग रहा। अंत मे संस्थापक दामोदर विरमाल ने आभार व्यक्त किया और स्वल्पाहार व चाय के साथ आयोजन का समापन हुआ।

## राज्य मंत्री की बात नहीं सुन रहे अधिकारी एवं कर्मचारी : मोहल्ले के लोग परेशान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : इन दिनो ईसापुर वार्ड के अंतर्गत मोहल्ला बोदकरपुर में नाली आदि की साफ–सफाई न होने से राहगीरों व मोहल्ले वासियों को उधर से गुजरने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निष्प्रयोज्य हो चुके नगर पालिका ट्यूबवेल स्थित एवं इंटेलेक्चुअल पब्लिक स्कूल के सामने बनी नगर पालिका की नाली को सफाई कर्मियों द्वारा समय समय पर साफ–सफाई न किये जाने के कारण नाली के जाम होने के कारण कई दिन से घरों का गन्दा पानी सड़को पर आ रहा है। जिसके चलते मोहल्ले के लोगो के साथ साथ उधर से गुजरने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। बताते चले विगत वर्ष सफाई अभियान में नगर विधायक व मा० राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने स्वयं इस मोहल्ले में सफाई अभियान में साफ सफाई के दौरान सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सफाई हेतु निर्देश भी दिया था। परन्तु इस समय उनकी बातों को भी विभागीय अधिकारियों द्वारा



अनदेखी किया जा रहा है।जिसके चलते मोहल्ले में जल जमाव होने से विभिन्न बीमारी एवं कोरोना जैसी महामारी फैलने की आशंका से यहां के लोग भयभीत है। ऐसे में मोलल्ले वासियों ने नगर पालिका एवं जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

## शिया पीजी कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवा दिन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रक्तदान शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना शिया पीजी कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय, जौनपुर के सम्मिलित तत्वावधान में संपन्न हुआ। शेल्टर होम, मीरपुर गांव, स्टेशन रोड, शिविर स्थल पर आयोजित रक्तदान कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य कैप्टन डॉ० अखिलेश्वर शुक्ला जी के द्वारा फीता काटकर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रक्तदान– जीवनदान है, हमारे रक्त से जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। इस दौरान आमंत्रित किए गए राज पीजी कॉलेज के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष कुमार पांडेय एवं बदलापुर पीजी कॉलेज के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राममोहन अस्थाना जी ने भी संबोधित किया। दोनो कार्यक्रम अधिकारियों ने कहा कि विगत दिनों से चल रहे शिविर में छात्र – छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण के साथ विभिन्न सामाजिक सेवा कार्य,राष्ट्रहित में प्रशंसनीय है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार मौर्य ने छात्र –छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि, करें स्वेच्छा से रक्तदान, बचाएं दूसरों की जान, यह है राष्ट्र सेवा और सम्मान। अमर शहीद उमानाथ सिंह जिला चिकित्सालय जौनपुर, ब्लड बैंक की टीम ने सुरक्षित रक्तदान कराया, साथ



रक्त दान देने वाले छात्र छात्राओं को पोषक पेय पदार्थ, फल एवं रक्तदान कार्ड भी प्रदान किया। रक्तदान शिविर में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने ने बढ़–चढ़कर रक्तदान किया। डॉ. राकेश कुमार साहू, सतीश, धर्मेंद्र,सत्यम मौर्य,,सुमित सिंह,सदाब,विनीता, मानसी, श्री रवींद्र मौर्य, श्रीअरुण कुमार, श्रीमती शालिनी मौर्य,श्री प्रेम कुमार, इरशाद, प्रेमशंकर, आमिर,फैजान,आदर्श,श्री रामआसरे इत्यादि का सहयोग रहा। अंततः डॉ.अवधेश कुमार मौर्य ने सभी के सहयोग के लिए आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## 2389 पात्रों का जल्द पूरा होगा पक्के घर का सपना

गोरखपुर मण्डन प्रभारी आशुतोष चौधरी : पक्के आवास में रहने का सपना देखने वाले 2389 पात्रों के लिए बड़ी खुशखबरी है। आवास निर्माण के लिए उनके खाते में 15 करोड़ 70 लाख 50 हजार रुपये शीघ्र ही भेज दिए जाएंगे। इसमें 250 ऐसे पात्र हैं, जिनके खाते में पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपये की दर से एक करोड़ 25 लाख रुपये, जबकि 376 पात्रों के खाते में दूसरी किस्त के रूप में पांच करोड़ 64 लाख रुपये और 1763 पात्रों के खाते में तीसरी किस्त के रूप में आठ करोड़ 81 लाख 50 हजार रुपये शामिल है। संभावना है कि एक–दो दिन में पात्रों के खाते में राशि पहुंच जाएगी।छप्पर और खपरैलनुमा घर में रहने वालों का पक्के आवास में रहने का सपना पूरा हो सके, इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से न सिर्फ प्रधानमंत्री ग्रामीण आवासीय योजना, बल्कि प्रधानमंत्री शहरी आवासीय योजना का भी संचालन किया जा रहा है। इसमें आवास के निर्माण के लिए ग्रामीण क्षेत्र के पात्रों को तीन किस्त में एक लाख 20 हजार रुपये, जबकि शहरी क्षेत्र में रहने वाले पात्रों को तीन किस्त में ढाई लाख रुपये मिलते हैं।प्रधानमंत्री शहरी आवासीय योजना के तहत जिले की दो नगर पंचायत इल्तिफातगंज व अशरफपुर किछौछा तथा तीन नगर पालिका परिषद अकबरपुर, टांडा और जलालपुर में योजना के तहत 16 हजार 136 पात्रों ने पक्के आवास के लिए आवेदन किया था। जांच में 2657 आवेदक अपात्र पाए गए थे। ऐसे में 13 हजार 479 आवेदक पात्र पाए गए। पूर्व में ही 12 हजार 880 पात्रों के खाते में प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्त की राशि भेजी जा चुकी है। इस बीच प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्त की राशि भेजे जाने की प्रक्रिया बीते दिनों प्रारंभ हुई थी। अब 2389 पात्रों के खाते में 15 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भेजी जा रही है। डूडा के सहायक अभियंता ऋषिकेष सिंह ने बताया कि 250 पात्र ऐसे हैं, जिनके खाते में योजना के तहत पहली राशि भेजी जाएगी। इसमें 50 हजार रुपये की दर से एक करोड़ 25 लाख रुपये भेजे जाएंगे। 376 पात्रों के खाते में डेढ़ लाख रुपये की दर से दूसरी किस्त के रूप में पांच करोड़ 64 लाख रुपये, जबकि 1763 पात्रों के खाते में 50 हजार रुपये की दर से तीसरी किस्त के रूप में आठ करोड़ 81 लाख 50 हजार रुपये भेजे जाएंगे। ऐसे में ऐसे में 2389 पात्रों के खाते में प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्त के रूप में कुल 15 करोड़ 70 लाख 50 हजार रुपये शीघ्र ही भेज दिए जांएगे। शीघ्र ही खाते में पहुंच जाएगी रकम पक्के आवास का सपना पूरा करने के लिए शीघ्र ही 2389 पात्रों के खाते में 15 करोड़ 70 लाख 50 हजार रुपये भेज दिए जाएंगे। इसमें 250 पात्रों के खाते में प्रथम किस्त के रूप में एक करोड़ 25 लाख, 376 पात्रों के खाते में पांच करोड़ 64 लाख, जबकि 1763 पात्रों के खाते में आठ करोड़ 91 लाख 50 हजार रुपये भेजे जाएंगे।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी

हरदोई डीकेयू ब्यूरो : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति नेहरू युवा केन्द्र, हरदोई की जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा जी के दिशानिर्देशन पर नेहरू युवा मंडल, पाली अध्यक्ष



युवाकवि प्रशान्त कुमार''पी.के.'', विकास खण्ड भरखनी की राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेविका, श्यामलता व ब्यूटीशियन प्रशिक्षण शिविर की प्रशिक्षिका नीलम ने प्रशिक्षार्थी महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग करते हुए समाज में महिला को गार्गी, अपाला, इंदिरा गांधी, कल्पना चावला जैसी महिला बन एक विशेष प्रतिष्ठित स्थान दिलाने की अपील करते हुए आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर युवामण्डल के पदाधिकारियों के अलावा प्रशिक्षण शिविर की प्रशिक्षार्थी महिलाएं रहीं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
**जरुरत तो फकीरों की भी पूरी हो जाती हैं, ख्वाहिशें बादशहों की भी अधूरी रह जाती है।**
*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# सेहत की बात : पानी के साथ बीमारी भी

छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड के विशाल आदिवासी इलाके में पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक पाई गई है, जिससे कई बीमारियां होती हैं।

हर घर जल मिशन की गूंज भले ही गांव–गांव में हो रही हो, लेकिन करोड़ों लोगों के कंठ तर करने की इस महत्वाकांक्षी योजना का मूल आधार भूजल है। तथ्य यह भी है कि हमारे देश में आर्सेनिक, फ्लोराइड जैसे रसायनों से युक्त भूजल जहर बन गया है। बस्तर का कांकेर, राजनांदगांव, धमतरी हो या झारखंड का गढ़वा, लातेहार, पलामू, रांची या फिर ओडिशा के बोलांगिर, खुर्दा, कालाहांडी, नवापाड़ा जिले–यहां की बड़ी आबादी दांत के दर्द, हड्डियों की दिक्कत जैसी असीम पीड़ा को अपनी नियति मान चुकी है।

मध्य प्रदेश के बैतूल से आठनेर जाते समय ताप्ती नदी पार करते ही आदिवासी बहुल गांव सीवनपाट की लड़कियों की शादियां नहीं होतीं, क्योंकि उनके पीले दांत इसमें आड़े आ जाते हैं। यह केवल एक गांव की त्रासदी नहीं है, जिले की बड़ी आबादी यही दर्द झेल रही है। लोग तो यही मानते थे कि पाताल से निकला पानी सबसे शुद्ध होगा, लेकिन उन्हें बहुत देर से पता चला कि जीवनदायी जल में फ्लोरोसिस नामक एक ऐसे रसायन की अधिकता है, जिसने उनकी जिंदगी को नर्क बना दिया है। मंडला जिले के तिलइपानी में कुछ दशक पहले पानी का संकट था। इस जल संकट को दूर करने के लिए अधिकारियों ने हैंडपंप लगाए, पर उन्हें क्या पता था कि यह जल जीवनदायी नहीं, जहर है! महज 542 लोगों के इस गांव में 85 बच्चे विकलांग हो गए। यहां तीन से बारह साल के अधिकांश बच्चों के हाथ–पैर टेढ़े हैं। वे घिसट कर चलते हैं और उनकी हड्डियों और जोड़ों में असहनीय दर्द रहता है। जब मीडिया में शोर मचा, तो हैंडपंप बंद किए गए, लेकिन तब तक हालात बिगड़ चुके थे। भले ही आज वहां अंग टेढ़े होने की शिकायत न हो, लेकिन दांतों की खराबी यहां के हर बाशिंदे की त्रासदी है।

मध्य प्रदेश के 15 जिलों के 80 विकास खंडों में करीब 14 हजार गांव ऐसे हैं, जहां का पानी विकलांगता का कारण रहा है। इनमें 2,286 गांव अत्यधिक प्रभावित और 5,402 संवेदनशील माने गए हैं। उत्तर प्रदेश के 75 में से 63 जिलों का पानी भी फ्लोराइड युक्त है। छत्तीसगढ़ में 154 गांव–मजरे–टोले के 54,828 लोग पानी के साथ बीमारी पी रहे हैं। फ्लोराइड पानी का एक स्वाभाविक–प्राकृतिक अंश है और इसकी 0.5 से 1.5 पीपीएम मात्रा मान्य है। लेकिन देश के हजारों ट्यूबवेल और हैंडपंपों से निकले पानी में यह मात्रा 4.66 से 10 पीपीएम और उससे भी अधिक है। समस्या बेहद गंभीर है, लेकिन राज्य सरकारें अपने इस मद के बजट का बड़ा हिस्सा महज सर्वे में खर्च करती हैं। फिर कुछ गांवों में विटामिन या कैल्सियम बांटा जाता है। समस्याग्रस्त गांवों में पेयजल की वैकल्पिक या सुरक्षित व्यवस्था करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जाता।

पानी के साथ लगातार अधिक फ्लोराइड शरीर में जाने से रीढ़, टांग, पसलियां और खोपड़ी की हड्डियां प्रभावित होती हैं। 'फ्लोरोसिस' के नाम से पहचाने जाने वाले इस रोग का कोई इलाज नहीं है। जब कभी भूजल में फ्लोरोसिस के कारण विकलांगता का हल्ला होता है, तो सरकारी अमले हैंडपंप बंद करवा देते हैं। पानी की वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना हैंडपंप बंद करने पर लोगों को नदी–पोखरों का प्रदूषित पानी पीना पड़ता है, जिससे हैजा, आंत्रशोथ, पीलिया जैसी बीमारियां होती हैं। डॉक्टरों का कहना है कि गाय–भैंसों के दूध में भी फ्लोराइड की मात्रा बेतहाशा बढ़ी हुई है, जिसका सेवन हानिकारक है। इन इलाकों में फ्लोराइड युक्त टूथपेस्टों की बिक्री भी धड़ल्ले से जारी है। लोकसभा के पिछले सत्र में जल संसाधन मंत्री ने बताया था कि देश में 4,592 गांवों के पानी में फ्लोराइड की अधिकता है।

फ्लोराइड से निपटने में 'नालगोंडा विधि' खासी कारगर रही है। इसके अलावा नीरी, नागपुर और तेजपुर, असम विश्वविद्यालय ने भी कुछ प्रौद्योगिकी विकसित की है, जिससे दस लीटर प्रति व्यक्ति हर रोज के हिसाब से छह सदस्यों के एक परिवार को साल भर तक पानी शुद्ध करने का खर्च मात्र 15 से 20 रुपये आता है। आधे घंटे के प्रशिक्षण के बाद लोग स्वयं ही घर में इसका उपयोग कर सकते हैं। काश, सरकार या स्वयंसेवी संस्थाओं ने इस दिशा में कुछ सार्थक प्रयास किए होते!

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## दस वर्षीय बालिका से पड़ोसी ने किया दुराचार

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)जिले के रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सतीचौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सारंगापुर के एक मजरे के निवासी एक व्यक्ति की 10 वर्षीय पुत्री शाम 4:30 बजे घर के सामने स्थित माइनर के किनारे सोच के लिए गई थी।आरोप के मुताबिक इसी बीच एकांत देखकर बालिका के पड़ोसी 30 वर्षीय सोनू सिंह ने उसे दबोच लिया तथा खेतों में ले जाकर उसके साथ जबरन दुराचार किया।सोनू की मनसा बालिका को मार डालने की भी थी इसके लिए वह प्रयासरत भी था लेकिन बगल के खेतों में काम कर रहे लोगों को जब बालिका की चीख–पुकार सुनाई पड़ी।उन लोगों ने दौड़कर बालिका की जान बचाई तथा इसको पकड़कर पुलिस के हवाले किया।मालुम हो सोनू सिंह नशेड़ी व्यक्ति है तथा परिवार से उसका संबंधा नाम मात्र का है।इस घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष रौनाही शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित के परिजनो के मुताबिक तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## राम जन्मभूमि परिसर में हो रहा है अत्याधुनिक मशीनों का प्रयोग

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)विश्व की सबसे अधिक भार उठाने वाली मशीन राम जन्मभूमि परिसर पहुँची।सूत्र के मुताबिक एक बार में 300 टन से ज्यादा भार महीने उठा सकती हैं।प्लिंथ निर्माण के बाद इन्हीं मशीनों की सहायता से राम जन्म भूमि के मंदिर निर्माण के लिए तराश कर रखे गए पत्थरों को शिफ्ट किया जाएगा।कार्यदायी संस्था ने अत्याधुनिक मशीनें राम जन्म भूमि परिसर में स्थापित किया।जानकारी के मुताबिक जुलाई माह से अत्याधुनिक मशीनों की आवश्यकता पडेग्गी।वही तराशे गए पत्थरो पर कोई भी स्क्रैच न पड़े इसके लिये सुरक्षित ढंग से पत्थरों को नियत स्थान पर स्थापित किया जा रहा है। इस लिहाज से अत्याधुनिक मशीन लगाई जा रही है।राम जन्मभूमि परिसर में प्लिंथ निर्माण का काम करीब–करीब पूरा हुआ।वही राम जन्म भूमि की कार्यशाला में तराश कर रखे गए पत्थरों से जुलाई माह में गर्भ ग्रह के निर्माण का काम शुरु होने की संभावना है।

## विनीत खंड 3 शिव सुंदरम पार्क गोमती नगर में विश्राम हुई श्रीमद् भागवत कथा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। वृंदावन की पावन धरती से पधारे व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य पवन कृष्ण जी महाराज के मुखारविंद से भगवान श्री कृष्ण जी के कई मन भावक कथाएं,प्रभु की लीला, सुदामा चरित्र, रुक्मणी विवाह, और कैसे भगवान की 16108 रानियां, पटरानी हुई। इस बारे में महाराज ने विस्तार से वर्णन किया एवं कई सांस्कृतिक एवं पुराणिक जीवन सुधारक बातें बताई गई और व्यासपीठ से महाराज जी ने सभी से आग्रह किया है कि सभी अपने–अपने जीवन में श्रीमद् भागवत कथा द्वारा बताई गई जीवन सुधारक बातों को अपने जीवन में उतारें और जीवन को कृतार्थ करें एवं राधे राधे के जयकारे के साथ भगवान के कई मन भावक भजन, गीतो से सभी श्रोता जन झूम उठे एवं व्यासपीठ से आचार्य पवन कृष्ण महाराज ने कहा कि बहुत ही सौभाग्य की बात होती है जिनको श्रीमद् भागवत कथा सुनने का शुअवसर प्राप्त होता है। अंत में व्यास विदाई एवं आरती के बाद व्यासपीठ से आचार्य पवन कृष्ण महाराज ने इस कथा के आयोजक राकेश यादव,लक्ष्मी यादव एवं उनके समस्त परिवार मनोज मिश्रा, नंदिनी मिश्रा, मिन्नी मिश्रा, गिरधारीलाल शुक्ला



धन्यवाद ज्ञापित किया और कथा विश्राम हुई। इस आयोजन में आचार्य पवन कृष्ण जी महाराज के साथ,आचार्य रघुवीर पाठक,निर्मल मिश्रा,देवेंद्र पांडेय,अनूप वर्मा,कीबोर्ड प्लेयर बबलू गुप्ता,नाल वादक विकास सिंह,पैड वादक राज ,जापक अनील साउंड संचालक भारत एंड इंडिया एस एस ग्रुप सहभागिता रही।

## थाना रोजा पुलिस ने ड्राईवर को नशीला पदार्थ देकर वाहन ले जाने वाले गिरोह का किया खुलासा'

शाहजहाँपुर ब्यूरो उमाकान्त श्रीवास्तव : 08 मार्च को थाना रौजा में जनपद गाजियाबाद के मोहल्ला बसन्त कुंज कालोनी सेक्टर 23 राजनगर निवासी नवीन सिँह ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि एक दिन पहले जितेन्द्र नाम के व्यक्ति ने मेरी आर्टिका कार को नोएडा से लखनऊ जाने के लिये बुक करायी थी । कार बुकिंग के बाद वह अपनी गाडी से जितेन्द्र व उसके परिवार सहित शाहजहाँपुर स्थित स्वागत होटल निकट मण्डी समिति के पास पहुँचा। तो जितेन्द्र आदि ने चाय पीने के लिये गाडी रोकने को कहा मै चाय पीने के लिये गाडी से उतरा तथा जितेन्द्र आदि गाड़ी में बैठे रहे। चाय पीने के बाद देखा तो मेरी कार को जितेन्द्र व उसकी पत्नी सिमरन अपने साथी के साथ लेकर चले गये । इस बारे में थाना रोजा पर मुकदमा दर्ज होने के बाद सक्रिय हुए थाना प्रभारी राजकुमार उप निरीक्षक मोहम्मद आरिफ हेडकांस्टेबल जोगेन्द्र आरक्षी विपिन कुमार ने घेराबंदी शुरू कर दी। तथा 12 मार्च को प्रभारी निरीक्षक ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में पड़ने वाले गाँव बरतारा के पास से आर्टिका कार संख्या यू पी 14 डी एक्स 3782 एंव कार को ले जाने वाले जनपद मुजफ्फरनगर के हाल निवासी टावर वाली गली



गाँधी नगर कुकड़ा एवँ गाँव राजपुर तिलौठा निवासी नरेन्द्र चौधरी एवँ एक महिला उत्तराखंड के जनपद काशीपुर के सुभाष नगर निवासी श्रीमती सिमरन श्रीमती सिमरन को मौके से गिरफ्तार कर लिया ।जबकि सिमरन का पति शातिर अपराधी जितेन्द्र चौधरी मौके से भागने में कामयाब रहा । जिसकी पुलिस जोरों से तलाश कर रही है । गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय भेजा गया है।

## भाजपा जो जिम्मेदारी देगी स्वीकार है– डॉ0 संजय निषाद

लखनऊ पत्रकार मृत्युन्जय प्रताप सिंह : निषाद पार्टी के अध्यक्ष व एमएलसी डॉ0 संजय निषाद ने राजधानी के होटल ताज में एक प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। उन्होने कहा कि विधानसभा चुनाव जनता जनार्दन का प्रेम व आशीर्वाद निषाद पार्टी और एनडीए गठबंधन को मिला है। जनता ने नकारात्मक राजनीति, परिवारवाद, जातिवाद, गंडाराज की राजनीति का अन्त कर एक नये अध्याय की शुरूआत की है। आगे उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की लोकप्रियता और सुनामी न होने की जो बात कह रहे थे शायद अब उनको अंदाजा लग गया कि प्रधानमंत्री जी देश ही नहीं विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उनकी अगुवाई में एनडीए का शासद रामराज्य और भारत को विश्वगुरू बनाने की तरफ अग्रसर है। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुये उन्होने कहा कि विधानसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये चुनाव आयोग, पुलिस प्रशासन और भारतीय जनता पार्टी, निषाद पार्टी और अपना दल के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी व जनता जनार्दन को विशेष तौर पर बधायी। उन्होने बताया कि विधानसभा चुनाव में निषाद पार्टी 15 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरी थी। जिसमें 10 भोजन भरी थाली और



5 भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल का फूल पर उनके प्रत्याशी मैदान में थे। चुनाव में कई नेताओं और मीडिया बन्धुओं से सुना कि निषाद पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी से हारी हुयी सीटें क्यों ली। मैने हमेशा एक जवाब दिया कि निषाद पार्टी चुनौती को स्वीकार करती है और अन्तिम परिणाम पर विश्वास करती है। आज परिणाम हमारे सामने है। नेता प्रतिपक्ष रहे राम गोविन्द चौधरी के अभेद किले को बहन केतकी सिंह ने जीत दिलायी। शाहगंज सीट से ललई यादव के 20 वर्षों के साम्राज्य को रमेश सिंह ने ढहाया। करछना सीट जो रेवती रमण सिंह की बपौती मानी जाती थी वह पीयूष निषाद ने जीती। उन्होने कहा कि निषाद पार्टी का एक मात्र लक्ष्य है कि जन सेवा और समाज के जिन वर्गों को सम्मान मिला उनको हक अधिकार दिलवाना।

## पत्रों के माध्यम से बच्चों ने जलवायु बचाने का प्रधानमंत्री को दिया संदेश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रधान डाकघर में डाक विभाग द्वारा ''जलवायु सरंक्षण'' विषय पर आयोजित अंतराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में वेदांता ग्लोबल स्कूल, सनबीम स्कूल, उदया पब्लिक स्कूल, द कैम्ब्रियन स्कूल, देवा पब्लिक स्कूल, एम, आई, एस स्कूल, हरिप्रसाद मेमोरियल स्कूल, मेथोडिस्ट गर्ल्स इण्टर कालेज सहित ग्रामीण व शहर के दर्जनों विद्यार्थियों ने पौधारोपण, प्लास्टिक प्रयोग न करने, जल बचाने, के साथ साथ स्वच्छता से जलवायु को संरक्षित करने का सन्देश राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, को पत्र लिखकर किया । डाक विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में किसी प्रभावशाली व्यक्ति को पत्र लिखना था, जिसमें स्पष्ट करना है कि उन्हें जलवायु संकट पर क्यों और कैसे कार्यवाही करनी चाहिए।इस दौरान परिवाद निरीक्षक अल्का गौड ने बताया कि इस प्रकार के प्रतियोगिता का उद्देश्य डाक विभाग युवाओं में पत्र लेखन को लेकर रूचि पैदा करना चाहता है। इसके अलावा पूरे विश्व में जलवायु संकट के विषय पर युवाओं में जागरूकता फैलाने की कोशिश है। मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि जलवायु को संरक्षण के लिए विचार व्यक्त करने का एक बेहतर प्लेटफार्म है। प्रतियोगिता में परिमण्डल स्तर पर प्रदेश से श्रेष्ठ तीन प्रतियोगियों को क्रमशः 25,000, 10,000 व 5,000 का प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रमाण पत्र के साथ दिया जाएगा। वहां से श्रेष्ठ तीन प्रविष्ठियों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मिलित करने के लिए डाक निदेशालय, नई दिल्ली भेजा जायेगा। राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ तीन प्रतियोगियों को क्रमशः 50,000, 25,000 व 10,000 का प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रमाण पत्र के साथ दिया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के श्रेष्ठ पत्र लेखन को स्विटजरलैंड में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के पास आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में भेजा जाएगा। इस दौरान जन सम्पर्क अधिकारी राम सहाय तिवारी, चन्द्रेश वर्मा, रेहान अरशद खान, राहुल श्रीवास्तव, विवेक पाण्डेय, सहित दर्जनों शिक्षक व अविभावक मौजूद रहे।

## शिवोपसना एवं शिव के ध्यान और भजन से ही मूल्यनिष्ठ समाज की स्थापना संभवः अम्बरीष

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मंडल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि दुनिया को ध्यान की जरूरत है चाहे वह किसी भी देश या धर्म का व्यक्ति हो। ध्यान से ही व्यक्ति की मानसिक संवरचना में बदलाव हो सकता है। ध्यान से ही हिंसा और मूढ़ता का खात्मा हो सकता है। शिव सत्संग मण्डल द्वारा विकास खण्ड शाहाबाद के राजस्व ग्राम अमिरता में राम निवास सत्संगी की चौपाल पर आयोजित धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अम्बरीष गुरूजी ने कहा कि ध्यान के अभ्यास से जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने बताया कि ध्यान बहुत शांति प्रदान करता है।भटके हुए मन के लोग जिंदगी भर व्यर्थ की बकवास करते रहते हैं जैसे आपने टीवी चौनलों पर बहस होते देखी होगी। समस्याओं का समाधान बहस में नहीं ध्यान में है।ध्यान अनावश्यक विचारों को मन से निकालकर शुद्ध और आवश्यक विचारों को मस्तिष्क में जगह देता है। ध्यान लगाने से आत्मिक शक्ति का विकास होता है।ध्यान तन, मन और आत्मा के बीच लयात्मक सम्बन्ध बनाता है और उसे बल प्रदान करता है। ध्यान का नियमित अभ्यास करने से आत्मिक शक्ति बढ़ती और मानसिक शांति की अनुभूति होती है। ध्यान का अभ्यास करते समय शुरू में आधे से एक घंटा तक ध्यान लगा सकते हैं। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा शिव के तत्त्व ज्ञान से जीवन में श्रेष्ठता आती है।तथा बुराइयों का विनाश होता है।शिवोपासना एवं शिव के ध्यान और भजन से ही मूल्यनिष्ठ समाज की स्थापना हो सकती है तथा परिवारों में सुख शांति स्थापित हो सकती है।उन्होंने कहा कि आज परमात्मा को पाने लिए सभी प्रयास कर रहे हैं।परंतु सत्य की राह न होने से भ्रामक स्थिति बनी हुई है।इस दौर में आत्मचिंतन से ही श्रेष्ठ मूल्यों को जीवन में उतारने का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।शिव सत्संग मण्डल द्वारा दिये जा रहे आध्यात्मिक ज्ञान से समाज में बदलाव संभव है।यहाँ के आध्यात्मिक ज्ञान और ध्यान की विधि ही परमात्मा को प्राप्त करने का सहज मार्ग है। जिला महामंत्री रवि लाल ने कहा कि आज समाज में विभिन्न मतमतान्तरों के कारण भ्रमपूर्ण स्थिति बनी हुई है।ऐसे में शिव सत्संग मंडल द्वारा बताई जा रही राह ही, सत्य की राह है। अध्यात्मवेत्ता ने बताया कि वह परमेश्वर कोटि सूर्यम् प्रभा वाला ,अशरीरी,अजन्मा,अखंड,सर्वज्ञ,सर्वव्यापी,सर्वशक्तिमान



और निराकार तथा दिव्य प्रकाश वाला, जन्म मृत्यु से परे है।जिसे सत्संग से ही समझा जा सकता है। कहा कि विश्व के सभी लोगों को सत्पथ अपनाने का प्रयास करना चाहिए।प्रभु को ह्दय से प्यार करने वाला ही सभी बंधनों से मुक्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि परमात्मा के ज्ञान के लिए त्रिनेत्र की जरूरत होती है।जो कि भृकुटि के मध्य विद्यमान है।आज्ञा चक्र पर ध्यान लगाना ही ,परमात्म प्राप्ति का एकमात्र साधन है।और आज के जीवन में व्यवहारिक है। परमात्मा प्रकाशस्वरूप है।परमात्म ज्ञान से सकारात्मक क्षमता विकसित होती कहा कि परमात्मा से सम्बन्ध जोड़ते ही जीवन में अप्रत्याशित परिवर्तन आता है।सद्‌गुण बढ़ने लगते हैं।दुर्गुण छूटने लगते हैं।उन्होंने बताया कि मानव शरीर बहुत ही सौभाग्य से मिलता है।इसलिए प्रभु का भजन करें और ईश्वरीय स्म्रति में रहते हुए अपने कर्तव्य का पालन करें। धर्म सभा का शुभारंभ राम निवास ने दीप प्रज्वलित कर एवं सत्संगी जनों ने सामूहिक ईश प्रार्थना से किया। इस अवसर पर प्रेम पाल, राम सनेही, राम लड़ते, रामौतार, हंसराम, ओमकार, प्रेम कुमार, मुन्नालाल, राजेंद्र, राज कुमार, अभिमन्यु, बाल गोविंद, रक्षपाल, अवनीश, कमलेश, धीरज, सरोज, अंकित, आदेश, ओमकार, पूजा, आरती, सुहाती, प्रियंका, उपासना, प्रभा, समेत अनेक सत्संगी बंधुओं एवं बहिनों ने समापन पर आगामी 26 मार्च को ग्राम पुरवा पिपरिया में भव्य शिवोत्सव आयोजित करने का शिव संकल्प लिया।

## अमित बने सहकार भारती के मंडल संयोजक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहकारी क्षेत्र के राष्ट्रव्यापी संगठन सहकार भारती के प्रदेश कमेटी की सर्वसम्मति से सहकारी शीतगृह के अध्यक्ष एवं कॉपरेटिव बैंक के डायरेक्टर अमित दीक्षित को सहकार भारती का लखनऊ मंडल अध्यक्ष/विभाग संयोजक लखनऊ मंडल बनाया गया है यह जानकारी सहकार भारती के महामंत्री डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने की विज्ञप्ति में दी गई है प्रदेश महामंत्री श्री जादौन की विज्ञप्ति में कहा गया है कि मंडल में आने वाले सभी जिलों में कार्यकारिणी के गठन की अपेक्षा भी नव नियुक्त लखनऊ मंडल अध्यक्ष अमित दीक्षित से की गई है गौरतलब है कि श्री दीक्षित इससे पहले सहकार भारती के जिला अध्यक्ष थे अब उन्हें यह



नई जिम्मेदारी दी गई है । सहकारिता आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन का एक सशक्त माध्यम है इस संगठन का स्लोगन है ''कि बिना संस्कार नहीं सहकार'' ''बिना सहकार नहीं उद्धार'' लखनऊ मंडल का अध्यक्ष बनने पर अमित दीक्षित को बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

## कल्पना शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के कल्पना शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में भव्य समारोह के साथ सोमवार को सात दिवसीय एनएसएस के शिविर का समापन हुआ।शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में पीजी कॉलेज सया के प्राचार्य डॉक्टर राकेश राकेश त्रिपाठी ने कहा ज्ञान के दो पहलू होते हैं। पहला सैद्धांतिक और दूसरा व्यवहारिक।शिक्षा का उद्देश्य है जीवन और व्यक्तित्व का विकास करना।वही हैदरगंज क्षेत्र के सरैया अम्बेडकरस्थित संस्थान में आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया एनएसएस शिविर के सौ छात्र छात्राओं 7 दिनों तक विभिन्न जीवन के पहलुओं वातावरण शिक्षा साक्षरता स्वच्छता मतदाता वृक्षारोपण सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर कई आयामों के तहत प्रशिक्षित किया गया। सोमवार को समापन समारोह कालेज के प्रांगण में आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता डॉ योगेश शुक्ला संचालन विनोद कुमार विनोद कुमार शुक्ला ने किया। अतिथि के रूप में सुमित्रा बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य नीलम श्रीवास्तव ने छात्राओं की सुरक्षा उपायों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला तो वही पूर्व में बीएड विभागाध्यक्ष रहे डॉ प्रदीप कनौजिया सामाजिक वैज्ञानिक पहलुओं पर बारीकी से बताया। इनके अलावा प्रबंध निदेशक डॉ अवनीश पांडे ने



कहा जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन आवश्यक है। कार्यक्रम का शुभारंभ योगेश शुक्ला की मंत्रोच्चारण के साथ शुभारंभ हुआ कार्यक्रम के दौरान आए हुए सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और शिक्षक शिक्षिकाओं ने उन्हें फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान एनएसएस के छात्र छात्राएं दीक्षा यादव ,रोली, रानी कसौधन आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति की। इस अवसर पर शुभम पांडे ,डॉक्टर विपुल तिवारी, ऋषि देव वर्मा, एसएन मिश्रा ,नितेश, त्रिजुगी नारायण सहित आदि।

## उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व मुख्य सम्पादक डॉ अरुणेन्द्र चन्द्र त्रिपाठी का अमीर खुसरो पुरस्कार के लिए हुआ चयन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व मुख्य संपादक डॉ अरुणेंद्र चंद्र त्रिपाठी का अमीर खुसरो पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के खंड प्रभारी डॉ अरुणेंद्र चंद्र त्रिपाठी जी को ''अमीर खुसरो पुरस्कार'' में चयन किया गया। गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के विराज खंड खंड प्रभारी डॉ अरुणेन्द्र चन्द्र त्रिपाठी को ''राज्य कर्मचारी संस्थान'' उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा पुरस्कार समिति की संस्तुति के आधार पर हिंदी भाषा एवं साहित्य की मौलिक कृति ''दीनदयाल'' (पद्य) के लिए वर्ष 2021–22 के ''अमीर खुसरो पुरस्कार'' के लिए सेवानिवृत्त श्रेणी में चयन किया गया है इसके लिए महासमिति के अध्यक्ष डॉ बी एन सिंह जी महासचिव राघवेंद्र शुक्ल एवं सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# "यहीं से जारी रहेगा जनसेवा का अभियान" मड़ियाहूं का हित ही मेरा संकल्प : अशोक सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद के मड़ियाहूं विधानसभा क्षेत्र से विकासशील इंसान पार्टी के उम्मीदवार रहे अशोक सिंह ने मड़ियाहूं के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए मीडियाकर्मियों से कहा है कि अंततः मड़ियाहूं के विकास के लिए संघर्ष ही मेरा उद्देश्य है। अशोक सिंह ने अपनी हार के बावजूद संकल्प लिया है कि वह मड़ियाहूं की जनता की सेवा हमेशा की तरह लगातार करते रहेंगे। और यहीं से उनके लिए लड़ते रहेंगे। अशोक सिंह का कहना है कि यह मेरी मातृभूमि है हर परिस्थिति में यहां के लोगों के लिए मैं काम करता रहूंगा। चुनाव में जिन्होंने मुझे आशीर्वाद दिया या जिन्होंने मुझे आशीर्वाद नहीं दिया मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं, और वचन देता हूं कि इस धरती के विकास के लिए अपना तन मन धन लगाता रहूंगा। चुनाव आते हैं चले जाते हैं , हार जीत होती रहती है । लेकिन



मैं यहां के लिए कर्मठ जनसेवी के रूप से हर वर्ग हर समाज के लिए हमेशा की तरह काम करता रहूंगा। हर किसी आम और खास लोगों के लिए मेरा संपर्क नंबर 91670 75994 हमेशा उपलब्ध रहेगा। यहां की जनता का जीवन स्तर ऊंचा उठाना ही मेरा संकल्प है।

# नशा मुक्ति के लिए शिविरार्थियों द्वारा चलाया गया आंदोलन

जौनपुर ब्यूरो राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन टी.डी. महिला महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं ने अपने कार्यक्रम अधिकारियों के साथ उमानाथ सिंह सभागार में सरस्वती पूजा के पश्चात प्रार्थना "इतनी शक्ति हमें देना दाता मन का विश्वास कमजोर हो ना " का सामूहिक रूप से गान किया लक्ष्य गीत के पश्चात सभी ने बड़े उत्साह से पीटी किया! सभी स्वयंसेविका नशा मुक्ति अभियान के लिए विभिन्न स्लोगन के माध्यम से" हर दिल की अब यह है चाहत नशा मुक्त हो मेरा भारत " "ज्ञान हमें फैलाना है नशे को मार भगाना है "को सुना कर मलिन बस्ती के लोगों को जागरूक कर रही थी! आज के बौद्धिक सत्र की मुख्य वक्ता पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ मधुलिका सिंह ने बच्चों के बीच उपस्थित होकर उनके सेवा भाव की सराहना करते हुए उन को संबोधित किया!उन्होंने कहा कि यह सेवा भाव केवल शिविर के दौरान ही नहीं बल्कि पूरे जीवन पर्यंत अपने अंदर बनाए रखना और जो कुछ भी यहां से सीकर जा रही हो उसका खुद भी पालन करना और दूसरों को भी जागरूक करना! तत्पश्चात कल होने वाले शिविर के



समापन समारोह की सभी स्वयंसेविकाये तैयारी में लग गई !इस कार्यक्रम में स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शालिनी सिंह ने धन्यवाद डॉक्टर पूनम सिंह ने दिया !एवं संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजश्री ने किया !इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री संजय सिंह श्री अनूप सिंह स्वयंसेविका रितिका नेहा खुशी सोनी रोज रुकैया जूही आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ!

# आईजी रेंज अयोध्या के पी सिंह ने 23 मार्च को अधिक से अधिक संख्या में लोगों को रक्तदान करने की अपील

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सोमवार को कवीन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस महानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या द्वारा शहीद दिवस (क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू के शहादत दिवस) की स्मृति में '23 मार्च को पुलिस मित्र अयोध्या' द्वारा "स्वैच्छिक रक्तदान शिविर" समय प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक पुलिस लाइन, जनपद–अयोध्या में आयोजन किया जाना है।जिसकी तैयारी के सम्बन्ध में एक गोष्ठी की गयी। जिसमें डा0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा को–आर्डिनेटर एन0सी0सी0/ एन0एस0एस0 डा0राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, पंकज अपर पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा रा0ज0भू0 जनपद अयोध्या, सरकार राजारमन द्वितीय कमान अधिकारी 63 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, श्रीमती ममता खत्री काउन्सलर रक्तकोष जिला चिकित्सालय जनपद अयोध्या, शांतिभूषण नायब सूबेदार 65 बटालियन एन0सी0सी0, सुश्री तजीम फातिमा एन0सी0सी0 ऑफिसर झुनझुनवाला पी0जी0कालेज,संजीव कुमार शुक्ला कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस झुनझुनवाला पी0जी0 कालेज, उ0नि0 रणजीत यादव सदस्य पुलिस मित्र/प्रभारी सोशल मीडिया सेल परिक्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या के साथ रक्तदान, नेत्रदान व देहदान के जागरूकता के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी।उक्त गोष्ठी में श्रीमान् पुलिस



महानिरीक्षक आईजी रेंज श्री सिंह द्वारा उपस्थित सभी लोगों से अपने विभाग/संस्थान से सम्बन्धित पुलिस बल, एनसीसी/एनएसएस कैडेटस एवं छात्र–छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने हेतु प्रेरित करें।इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि हम सभी को रक्तदान करना चाहिए, रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं होती है। रक्तदान मानवता से परिपूर्ण एक पुण्य कार्य है।इस मौके पर उन्होने अपील किया कि आप सभी आगामी 23 मार्च, 2022 को शहीद दिवस (क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू के शहादत दिवस) की स्मृति में 'पुलिस मित्र अयोध्या' द्वारा पुलिस लाइन, जनपद–अयोध्या में आयोजित "स्वैच्छिक रक्तदान शिविर" में पहुंचकर रक्तदान करें।"

# पीसीआई की टीम का फार्मेसी संस्थान में निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया (पीसीआई) की टीम का मान्यता के संदर्भ में निरीक्षण सोमवार को किया गया। दो सदस्यीय समिति में डॉक्टर एनके गुप्ता एवं डॉ डीएस राठौर थे। कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य के निर्देशन में फार्मेसी संस्थान सभी संसाधनों से पूर्ण है। समिति सदस्यों का स्वागत विभागाध्यक्ष राजीव कुमार एवं वरिष्ठ शिक्षक डॉ नृपेंद्र सिंह ने किया । इसके बाद समिति के सदस्यों द्वारा विभाग में स्थापित प्रो. प्रफुल्ल चंद्र रायजी की प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी प्रयोगशाला कक्षाएं भंडार कक्ष कार्यालय का स्टॉक रजिस्टर लाइब्रेरी स्टॉक रजिस्टर और पत्रिकाओं का स्टॉक का निरीक्षण किया गया । इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय कुलसचिव के साथ भी वार्तालाप किया । निरीक्षण समिति के सदस्य महिला छात्रावास का निरीक्षण भी किया । समिति के सदस्य विभाग के इंफ्रास्ट्रक्चर से काफी प्रभावित हुए । सदस्यों ने विभाग के विद्यार्थियों से भी व्यक्तिगत रूप से वार्ता की और उनके शैक्षणिक गुणवत्ता



से प्रभावित हुए। पीसीआई द्वारा मान्यता मिलने पर ही विद्यार्थियों की डिग्री फार्मासिस्ट नंबर के साथ वैलिड मानी जाती है।निरीक्षण के दौरान विभाग के सारे शिक्षक प्रयोगशाला सहायक एवं कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साइबर ठग ने कुलसचिव के नाम पर कई शिक्षकों से की पैसे की मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार की एक व्हाट्सएप नंबर पर फोटो लगाकर विश्वविद्यालय के शिक्षकों से साइबर ठग मदद के नाम पर पैसे मांग रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत शिक्षकों के नंबर पर मैसेज आने पर लोग सावधान हो गए हैं। विश्वविद्यालय परिसर में एक दूसरे शिक्षकों के बीच चर्चाएं होने पर खुलासा हुआ कि वह साइबर ठग है आजकल साइबर ठग लोगों के साथ धोखाधड़ी के नए–नए तरीके अपनाकर वित्तीय लेनदेन कर लेते हैं। विश्वविद्यालय के शिक्षकों को पंजाब के .91 88728 81597 नंबर से संदेश भेजे गए है। संदेश में तुरंत पैसे ट्रांसफर करने




के बाद की गई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें शिक्षकों द्वारा इसकी जानकारी दी गई है जिसकी शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के साइबर ठग से सभी को सावधान रहना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय के व्हाट्सएप ग्रुप पर इस जालसाजी की सूचना भिजवा दी है इसी के साथ हैं जिला प्रशासन और विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर संतोष कुमार को भी अवगत करा दिया गया है। उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों से अपील की है कि वह इस तरह की भ्रामक सूचना में आकर किसी तरह का आर्थिक लेन–देन न करें।

# शादीशुदा महिला ने संदिग्ध परिस्थिति में लगाई फांसी, मौके पर हुई मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र धन्नोपुर शकरमण्डी की एक 28 वर्षीय शादीशुदा महिला मीनू साहू ने संदिग्धा परिस्थितियों में खुद को साड़ी से फंदा बना कर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली, बताया जा रहा हैं की उक्त मृतका महिला मीनू नाथूपुर थाना जफराबाद का विवाह लगभग 7 माह पूर्व धन्नोपुर शकरमण्डी कोतवाली थाना के स्व कृष्ण चन्द्र साहू के दूसरे नम्बर के पुत्र राजेन्दर कुमार साहू उर्फ पूल्लू के साथ हुआ था, जो आज 13 मार्च की शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में खुद को फांसी लगा कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली, घटना की सूचना पर शकरमंडी चौकी प्रभारी संजय कुमार सिंह ने राजेन्दर कुमार साहू के घर पहुंच बंद दरवाजे को तोड़वा कर फांसी के फंदे से नीचे उतरवा कर शव को कब्जे में लेते हुए जिला अस्पताल भेज अग्रिम कार्यवाही में जुटे, खबर लिखे जाने तक घटना का कारण पता नहीं लग सका है।

# विक्षिप्त घायल महिला को पीआरवी 2316 पुलिस ने पहुँचाया जिला अस्पताल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के लाइनबाजार थाना अंतर्गत क्षेत्र चौकिया मोहल्ला क्षेत्र स्थित लख्खनपुर में एक 25 वर्षीय विक्षिप्त महिला घायल अवस्था में सड़क किनारे मिलने की सूचना पर मौके पर पहुँची 112 की 2316 पीआरवी पुलिस ने मौके पर पहुंच उक्त विक्षिप्त महिला को



एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा, जहाँ चिकित्सक द्वारा उक्त घायल विक्षिप्त महिला का किया जा रहा इलाज, मौके पर जिला अस्पताल पहुँची पीआरवी 2316 ने उक्त महिला को भर्ती कराया, जहाँ उक्त घायल विक्षिप्त महिला को अस्पताल में भर्ती कर चिकित्सक द्वारा किया जा रहा इलाज, वह घायल विक्षिप्त महिला अपने बारे में कोई भी जानकारी उपलब्धा कराने में असमर्थ हैं, जिसके बारे में पुलिस जानकारी जुटाने की कोशिश में लगी है कि वह महिला कौन है और कहाँ से आयी है।

# किसान सम्मान निधि के लिए ई–केवाईसी जरूरी

जौनपुर सू.वि. : प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अगली किस्त का इंतजार कर रहे लाखों किसानों के लिए बड़ी खबर है, इस योजना के तहत सरकार ने अभी तक 10 किस्त के पैसे किसानों के खाते में भेज दिए हैं, अगली किस्त पाने के लिए योजना के लाभार्थियों को ईकेवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है ई–केवाईसी कृषक स्वयं अपने मोबाइल फोन से योजना की वेबसाइट pmkisaan.gov.in पर जाकर कर सकते हैं। ब्लॉक स्तर पर राजकीय कृषि बीज भंडार पर किसान अपना आधार और मोबाइल नंबर फीड करा सकते हैं, इसके अलावा लाभार्थी कृषक ऑनलाइन केंद्रों, जन सुविधा केंद्रों के माध्यम से भी ई–केवाईसी करा सकते हैं। 31 मार्च तक ई–केवाईसी की प्रक्रिया पूरी न कराने वाले किसानों की अगली किस्त रुक जाएगी। अपर जिला कृषि अधिकारी रमेश चंद्र यादव ने बताया कि इसके लिए निम्न प्रक्रिया अपनानी होगी। ई–केवाईसी के लिए सबसे पहले आपको योजना की वेबसाइट पर जाना होगा, दाहिनी तरफ ऊपर ई–केवाईसी लिखा मिलेगा उस पर क्लिक करें। यहां पर आप अपना आधार नंबर और इमेज कोड डालकर सर्च बटन पर क्लिक करें, इसके बाद आधार से लिंक मोबाइल नंबर डालें इसके बाद मोबाइल नंबर पर ओटीपी जाएगा इसे डालें, अगर सब कुछ ठीक रहा तो ईकेवाईसी पूरी हो जाएगी, अगर इनवैलिड लिखा हुआ आता है। तो इसे ठीक कराने के लिए आधार सेवा केंद्र / सीएससी केंद्र पर जाना होगा वहां से बायोमैट्रिक प्रणाली द्वारा इस समस्या को सही कर दिया जाएगा। जनपद के सभी लाभार्थी किसानों से अपील किया जाता है कि 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से अपना ई– केवाईसी करा लें अन्यथा अगली किस्त नहीं प्राप्त हो सकेगी।

# निःशुल्क एवं निस्वार्थ भाव से सेवा करते चले आ रहे हैं ओम नारायण दास महाराज

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। ओम नारायण दास अयोध्या जिले के ग्राम दतौली के निवासी हैं इनका कहना है मेरे ऊपर विशेष रूप से मेरे गुरु जी महाराज की और प्रभु श्री ठाकुर प्रसाद की कृपा है जिनके आशीर्वाद से मैं लोगों का कल्याण कर पाता हूं। और मैं अपने गुरु जी का वचनबद्ध हूं कि लोगों की सेवा निस्वार्थ भाव एवं निःशुल्क रूप से करूंगा। मेरा लक्ष्य है कि लोगों का जीवन सुख में बनाना एवं जनकल्याण करना ओम नारायण दास महाराज कई प्रकार से लोगों के दुखों का निवारण करते हैं जैसे पितृ दोष,लोगों के ऊपर की गई विद्याओं से मुक्ति , प्रेत , जिनके बच्चे ना हो रहे हो उनका उपाय किया जाना वास्तु दोष का , कुंडली में ग्रह दोष निवारण घर में कलह कलेश को दूर करना,बच्चों का मन पढ़ाई में ना लगना आदि का निवारण करते हैं। महाराज जी यह भी बताते हैं कि दतौली धाम सरकार अयोध्या श्री राम जन्मभूमि के करीब होने के कारण इस धाम पर प्रभु श्री राम और बजरंगबली की कृपा बनी रहती है जिससे मैं लोगों का निस्वार्थ एवं निःशुल्क भाव से सेवा करता हूं।लोग जगह–जगह से बहुत दूर दूर से



देश के कोने–कोने से लोग आते हैं और अपनी समस्या का निवारण करवाते हैं। जिससे महाराज जी के ऊपर अपनी आस्था बनाए रखते हैं। दतौली धाम पर महाराज जी से आशीर्वाद लेने मंत्री सांसद,विधायक, सचिव, अधिकारी लोग आते हैं। इस धाम पे आने पर लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

# नानकशाही 554वाँ नव वर्ष श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नानकशाही 554वाँ नव वर्ष "कीर्तन दरबार" के रूप में श्री गुरू सिंह सभा ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव नाका हिण्डोला,लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य ग्रंथि ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने इस कीर्तन समागम के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया कि 1 जनवरी को जो हम नव वर्ष मनाते हैं वह ईसवी संवत के हिसाब से है एक चेत यानी 14 मार्च को जो पंजाबी समाज नव वर्ष मना रहा है वह नानकशाही कैलेंडर के मुताबिक है और विक्रमी संवत के मुताबिक अप्रैल में भारतवासी नव वर्ष मनाते हैं। नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और सभ्यता को साथ जोड़ने के लिए और जानकारी देने के लिए इस पंजाबी नव वर्ष पर भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया जा रहा है ताकि हम सब प्रभु का सिमरन और गुरबाणी का गायन करते हुए नव वर्ष में प्रवेश करें और परमात्मा की खुशियों को प्राप्त करें। इस अवसर पर फूलों से सुसज्जित संगमरमर की भव्य पालकी साहिब एवं दरबार हाल को बिजली की झालरों से बड़ी खूबसूरती से सजाया गया रात्रि का विशेष दीवान 9.30 बजे प्रारम्भ हुआ जो रात्रि 12.30 बजे तक चला जिसमें पंथ प्रसिद्ध रागी जत्थे भाई सुरिन्दर सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब जी ने अपनी मधुरवाणी में 1. करन बंदगी विरले बन्दे ।। 2. अमृत की सार सोइ



जाणे जि अमृत का वापारी जीओ।। शबद कीर्तन गायन कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया तत्पश्चात भाई अमनदीप सिह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब जी ने 1. सुण नाह पिआरे इक बेनंती मेरी।। तू निज घरि वसिअड़ा हउ रुलि भसमे ढेरी।। 2. गंगा की लहरि मेरी टूटी जंजीर।। मरिगशाला पर बैठे कबीर।। 3. अैथे उथै रखवाला प्रभ सतिगुर दीन दयाला।। शबद कीर्तन गायन कर आई साध संगतों को निहाल किया। संगत द्वारा श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी पर फूलों की वर्षा की गई। सभी ने एक दूसरे को नानकशाही नव वर्ष की बधाई दी।कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत किया। संगतों की ओर से नये साल की खुशी में श्रधालुओं के लिए स्टाल लगाकर चाय/काफी, पकौड़े, छोले कुचले, राजमाँ–चावल एवं खीर एवं केसरिया दूध की सेवा की गई। बाबा दीप सिंह फाउन्डेशन की द्वारा मिनरल वाटर की सेवा की गई। सेवा सिक्ख सेवक जत्थे के राजवंत सिंह बग्गा, कुलदीप सिंह सलूजा द्वारा जोड़ों की सेवा की गई। सम्पूर्ण कार्यक्रम हरमिन्दर सिंह टीटू महामंत्री, मनमीत सिंह बंटी, हरविंदरपाल सिंह नीटा, आज्ञापाल सिंह एवं राजिन्दर सिंह पप्पू की देखरेख में सम्पन्न हुआ। समाप्ति के उपरान्त श्री गुरु सिंह सभा ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिण्डोला के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह जी ने विशेष रुप से पधारे रागी जत्थों को गुरु घर का सम्मान सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया और आई संगत को नानकशाही 554वाँ नव वर्ष की बधाई दी।

# जीवन बीमा परिवार की जरूरत है–रमेश शर्मा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ सलाहकार रमेश शर्मा ने बताया कि जीवन बीमा प्रत्येक व्यक्ति की एक जरूरत है। आज के आधुनिक युग में प्रत्येक व्यक्ति एकल परिवार में रहना पसंद करता है और सुखमय जीवन व्यतीत करता है। जिंदगी में अकस्मात जब कोई विपदा आती है तब उसे संयुक्त परिवार की कमी महसूस होती है। आज के समय में अधिकांशतः एक भाई भी दूसरे भाई का आर्थिक बोझ उठाने में सक्षम नहीं है। ज्यादातर एकल परिवार को आत्मनिर्भर रहना पड़ता है। ऐसे समय में परिवार को एक आर्थिक सहायक के रूप में जीवन बीमा की जरूरत महसूस होती है। उन्होंने बताया कि यदि आप अपने जीवन में अपने दो बच्चों का खर्च उनकी परवरिश के लिए उठाते हैं तो साथ में एक बच्चे का खर्च जीवन बीमा की किश्त के रूप में उठाएंगे तो भविष्य में जीवन बीमा पर किया गया खर्च आपके बुढ़ापे का आर्थिक रूप से सहारा अवश्य बनेगा। यह बचत परिवार को आर्थिक सरंक्षण अवश्य देगी। जीवन बीमा में निवेश आपको आयकर की छूट के साथ भविष्य में आने वाली आर्थिक चिंता को भी समय–समय पर दूर करता है। यह बच्चों की शादी, पढ़ाई या बुढ़ापे में आर्थिक सरंक्षण प्राप्ति का साधन है। इसलिए जीवन बीमा आज के समय में हर व्यक्ति की एक जरूरत है। जीवन बीमा में विभिन्न योजनाएं आप की विभिन्न जरूरतों को ध्यान में रखकर और उन्हें पूरी करने के लिए बनाई गयी हैं। प्रत्येक व्यक्ति की आर्थिक जरूरत भिन्न–भिन्न होती है। इसलिए जीवन बीमा की ऐसी योजना का चयन करें जो आपकी जरूरत को पूरा करने के अनुरूप हो। हर व्यक्ति को अपनी जरूरत का अध्ययन करने के बाद ही किसी पालिसी का चयन करना चाहिये ताकि पालिसी के लाभ आपको उस समय काम आ सके जब आपको उसकी जरूरत हो। जीवन बीमा में किया गया निवेश आपकी अनुपस्थिति में भी आपकी आर्थिक उपस्थिति का कारण बनता है। जीवन बीमा ही एक ऐसा संगठन है जो आपके जीवन का मूल्यांकन करता है। कोई भी आर्थिक संगठन, बीमा उद्योग को छोड़कर आपका मूल्यांकन नहीं करता। क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का आर्थिक मूल्यांकन भिन्न भिन्न होता है। लेकिन भावनात्मक मूल्यांकन सबका एक जैसा होता है। चाहे कोई अधिकारी, गरीब, व्यापारी, नेता, अभिनेता या आम व्यक्ति हो, किसी की भी पत्नी से यदि पूछा जाए कि उसके पति का भावनात्मक मूल्य क्या है तो सबके लिए उनका मूल्य असीमित होता है। जबकि किसी का आर्थिक मूल्यांकन पूछा जाए तो प्रत्येक व्यक्ति का भिन्न–भिन्न होता है। यह मूल्यांकन जीवन बीमा करता है उसकी आमदनी के आधार पर। इसलिए जीवन बीमा उतना ही बड़ा लेना चाहिए जितनी उसकी आमदनी हो और वह किश्त भरने में सक्षम हो। परिवार को आर्थिक नुकसान की भरपाई जीवन बीमा वहां तक ही करते हैं जितनी उस व्यक्ति ने अपने जीवनकाल में अपना मूल्यांकन किया है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का मूल्यांकन कर जीवन बीमा की जरूरत को पूरा करना चाहिए। जीवन बीमा योजना लेने से पहले उसकी आधारभूत विशेषताओं और शर्तों की जानकारी लेकर उसके मुताबिक ही योजना लें। ऐसी योजना का चयन करें कि आप परिपक्वता तक उसका प्रीमियम अवश्य भर सकें या पॉलिसी की शर्तो के अनुरूप उसका संचालन कर सकें। अन्यथा जीवन बीमा का उद्देश्य समाप्त हो जाता है। जीवन बीमा के प्रीमियम में आप का जोखिम कवर निहित होता है। कोई भी कालातीत पॉलिसी आपके जोखिम कवर को नुकसान पहुंचा सकती है। समय से प्रीमियम राशि जमा करते रहें। कोई भी योजना लेने से पहले योजना के व्यवहारिक रूप को अवश्य समझें और अपनी आर्थिक जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए योजना लें। जीवन बीमा तीन प्रकार से लोग लेते हैं। एक ऑब्लिगेटरी, दूसरा किसी के दबाव में और तीसरा उस व्यक्ति की जरूरत के मुताबिक। यदि आपका कोई रिश्तेदार, दोस्त, या परिचित आपको जीवन बीमा के लिए कहता है तो आप उसे खुश करने के लिए पॉलिसी लेते हैं न की अपनी जरूरत के मुताबिक। कभी किसी अधिकारी का दबाव होता है तो पॉलिसी ले लेते हैं। हमेशा ऐसे व्यक्ति से बीमा पॉलिसी लेनी चाहिए जो जीवन बीमा का कार्य प्रोफेशनल तरीके से करता हो। इससे वह आपकी जरूरत को ध्यान में रखकर पॉलिसी का चयन करवाने में सहायक हो सकता है। जीवन बीमा अपने किसी सम्बंधी या किसी अधिकारी को खुश करने के लिए नहीं बल्कि अपनी जरूरत के अनुसार ही लेना चाहिए।

# जिले के पूरा ब्लाक पर ब्लॉक स्तरीय ईसीसीई क्रियान्वयन कार्यशाला का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के ब्लॉक संसाधन केंद्र बीआरसी विकासखंड पूरा पर ब्लाक स्तरीय ईसीसीई क्रियान्वयन कार्यशाला का आयोजन किया गया।सूत्र के मुताबिक इस आयोजन मे ऐसे आंगन वाडी केन्द्र जो प्राथमिक विद्यालय में चल रहे है वहाँ की ऑगनवाड़ी कार्यकत्री एव स्कूल रेड़ीनेस प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षको ने प्रतिभाग किया।वही इसी कड़ी में इस कार्यशाला की शुरुआत बीईओ द्वारा ज्ञान की देवी सरस्वती मां के चरणों में दीप प्रज्वलित कर एवं शिक्षक सकुल श्रीमती नम्रता सिंह द्वारा सरस्वती वन्दन से किया गया।इस मौके पर इस कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये जिला समन्वयक प्रशिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग तथा आई० सी० डी0 स० के समन्वय से ईसीसीई कार्यकम का संचालन हो रहा है। जिसमें प्री प्राइमरी एवं बच्चों की वुनियादी शिक्षा को मजबूत किया जाना है।वही इसी कड़ी में खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने सम्बोधन में भाषा और गणित की समझ विकसित करने हेतु विशेष बल दिया गया।वही इस कार्यशाला में राजेश यादव ए० आर० पी० द्वारा ईसीसीई के महत्व पर प्रकाश डाला गया।वही इस मौके पर डा. रणजीत सिंह ए० आर० पी०द्वारा रेड़ीनेस कार्यक्रम,डॉ अनामिका मिश्रा द्वारा बच्चों



की बुनियादी समझ टीएलएम प्रयोग तथा कृष्ण प्रतापसिहं ए० आर० पी० शिक्षक संकुल उग्रसेन ,श्रीमती उषा वर्मा सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया।इसी कड़ी में एस0 आर० जी० डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये छप्न्छ भारत ,100 कंल बंउचंपहद पर विस्तार से प्रकाश डाला।इस कार्यशाला का संचालन गंगाराम मौर्या द्वारा किया गया।

# जिला अस्पताल कर्मियों ने मृतक युवक को बना दिया युवती : पुलिस पहुंची गांव तो खुली पोल

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)जिला अस्पताल ने दुर्घटना में घायल युवक को मौत के बाद युवती बना दिया।इतना ही नहीं, पुलिस में युवती का शव लेकर भाग जाने की शिकायत भी कर दी।इसके बाद जब पुलिस मृतक के गांव पहुंची, तो पूरे मामले की असलियत सामने आई। पुलिस और अस्पताल प्रशासन में कर्मचारियों की लापरवाही की खूब चर्चा हो रही है।सूत्र के मुताबिक महराजगंज थाना के मया ब्लाक में युवक की मौत सड़क दुर्घटना में हुई, बताया गया कि शुक्रवार रात किसी वाहन ने महाराजगंज थाना क्षेत्र के मया ब्लॉक के निकट एक बाइक को टक्कर मार दी थी।दुर्घटना के बाद परिवार ने स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर घायल युवक को सीएचसी मया बाजार पहुंचाया। सीएचसी के रजिस्टर में घायल का ब्योरा गुंजन (28) और लिंग पुरुष दर्ज कराया गया। हालत गंभीर होने के चलते सीएचसी के डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवक का भाई विवेक दुबे उसे रात 11.30 बजे जिला चिकित्सालय लाया, तो ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसको मृतक घोषित कर दिया। जिला अस्पताल प्रशासन ने अपने रजिस्टर में ब्योरा गुंजन पुत्री लवकुश दुबे (28) दर्ज किया। अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना भेजी कि स्टाफ शव को मोर्चरी में भिजवाने की कार्रवाई कर ही रहा था कि परिजन गुंजन डॉटर ऑफ लवकुश दुबे ग्राम देवन सूर्य भानपुर थाना महाराजगंज के शव को लेकर चले गए। मेमो मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और उपरोक्त पते पर पहुंची। वहां पता चला कि गांव में किसी युवती की मौत नहीं हुई है।बल्कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है। जिसका नाम गुंजन है। इसके बाद महराजगंज पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और जिला अस्पताल के स्टाफ को बुलाकर मेमो में संशोधन कराया और पंचनामा करवा शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।इस संबंध में महराजगंज थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक का नाम अंकित दुबे उर्फ गुंजन पुत्र लवकुश दुबे है। जबकि अस्पताल के फार्मेसिस्ट द्वारा भेजे गये मेमो में मृतक गुंजन पुत्री लवकुश दुबे अंकित किया गया था।असलियत सामने आने के बाद रिकार्ड में संशोधन कराया गया है।जिला अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक चिरंजी राय का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में आने के बाद स्टाफ भेजकर संशोधन करवा दिया गया है।इस मामले की जांच कराई जाएगी कि लापरवाही कैसे और किसके स्तर पर हुई।

# भाजपा से चुनाव लड़ चुकी आरती तिवारी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर तारुन थाना में मुकदमा दर्ज

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)अयोध्या के गोशाईगंज विधानसभा की भाजपा कंडीडेट आरती तिवारी के खिलाफ सपा समर्थक ने की अभद्र टिप्पणी पर मुकदमा दर्ज हो गया है।सूत्र के मुताबिक जिले के गोसाईगंज विधानसभा के नव निर्वाचित सपा प्रत्याशी अभय सिंह के समर्थक द्वारा भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी के खिलाफ फेसबुक पर अश्लील व अभद्र टिप्पणी के मामले में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ता की तहरीर पर थाना तारुन पुलिस ने कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। अयोध्या पुलिस ने सपा समर्थक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी हैअयोध्या पुलिस ने सपा समर्थक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है।भाजपा नेता सोनोरा गाऊपुर निवासी मुन्नीलाल वर्मा पुत्र स्व कुबेर वर्मा के दिए गए तहरीर के अनुसार विधानसभा गोसाईंगंज से आरती तिवारी भाजपा प्रत्याशी को नव निर्वाचित सपा विधायक अभय सिंह के समर्थक थाना क्षेत्र के महराई मोहम्मद पुर निवासी निखिल सिंह पुत्र अशोक सिंह ने अपने फेसबुक आई डी पर भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ अभद्र भाषा लिखकर अपमानित किया।जिससे प्रत्याशी के साथ साथ कार्यकर्ताओं का अपमान हुआ और ठेस पहुंची।भाजपा नेता की तहरीर पर थाना तारुन में धारा 67 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। सपा समर्थक की इस हरकत से भाजपा नेताओं में गहरी नाराजगी है। आरती तिवारी के करीबी रिश्तेदार राजेश कुमार मिश्र गुड्ध्डू ने कहा कि सपा के लोग उकसावे की राजनीति न करें। इस पार्टी के लोग नैतिक रूप से अपना आपा खो चुके हैंस उन्होंने पुलिस से आरोपी युवक के खिलाफ बेहद कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# नवनिर्वाचित विधायकों की छवि खराब करने में लगे उन्हीं के कार्यकर्ता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद जिले में नवनिर्वाचित विधायकों के नाम पर आरोप के मुताबिक अभी से ही लोगों को डराने धमकाने का काम शुरू हो गया है। यहां तक कि जिले के थाना तारुन क्षेत्र में जहां एक ओर गोसाईगंज विधानसभा से अपना दल समर्थित भाजपा पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ रही आरती तिवारी पत्नी पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी को आरोप के मुताबिक गोसाईगंज विधानसभा से सपा पार्टी से नवनिर्वाचित विधायक अभय सिंह के कार्यकर्ता के खिलाफ स्थानीय थाने में आमर्यादित टिप्पणी करने के चलते प्राथमिकी दर्ज हुई वहीं इसी कड़ी में जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो चाहे या फिर शहरी क्षेत्र हो जिस भी पार्टी से जो भी विधायक जीता हुआ है उनके कार्यकर्ता अभी से ही यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं के अब सभी काम आरोप के मुताबिक उनके ही इशारे पर होगा।सूत्र के मुताबिक गोसाईगंज की तरह ही कोतवाली नगर क्षेत्र में अश्वनी पुरम कॉलोनी में इसी तरह का नजारा उस समय दिखा जब यहां पर एक कोटेदार हमेशा की तरह लोगों को राशन दे रहे थे कि तभी उसी समय एक व्यक्ति आया और यह कहने लगा कि अब हमारे देखरेख में राशन का वितरण होगा इस संबंध में जब उक्त कोटेदार ने उससे परिचय जाना तो उन्होंने कहा कि आप मेरा परिचय मत जानिए नहीं तो आपके लिए दिक्कत हो जाएगी।अब कल से हमारी निगरानी में राशन बटेगा।इस संबंध में उक्त कोटेदार ने बताया कि वह आपूर्ति विभाग से नहीं थे। अगर आपूर्ति विभाग कहता है तो किसी भी कर्मचारी की देखरेख में राशन बांटने से कोई भी दिक्कत नहीं है।फिलहाल यह संदेश भी जनता के बीच में गई और वहां पर लोगों ने यह कहते हुए दिखाई दिये जहां पर जो विधायक बने हैं उनके कार्यकर्ता ही अपने को विधायक मान रहे हैं।फिलहाल इसी तरीके से कई विधानसभाओं में से यह बात सुनने को आ रही है।कुल मिलाकर इससे विधायक के छवि पर भी असर पड़ती दिखेगी।क्योंकि अयोध्या जिले के अयोध्या सदर से भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मिल्कीपुर से सपा विधायक अवधेश प्रसाद, रुदौली से भाजपा विधायक रामचंद्र यादव,बीकापुर से भाजपा विधायक अमित सिंह चौहान के साथ–साथ गोसाईगंज विधानसभा से सपा विधायक अभय सिंह की छवि समाज में अच्छी ही है।जिनको जनता ने इनके कार्यप्रणाली को देखते हुए विधानसभा भेजा है वहीं इसी कड़ी में जनता का भी विश्वास है कि यह सभी नवनिर्वाचित विधायक उनके उम्मीदों पर खरे उतरेंगे लेकिन कहीं–कहीं कुछ उनके ही कार्यकर्ता उनके छवि को धूमिल करने में लगे हैं जिस पर इन नवनिर्वाचित विधायकों को अपनी छवि जनता में सही रखने के लिए इस पर ध्यान भी देना होगा।

# एक साल पूर्व कायाकल्प होने के बाद भी बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय के पंखे : बीएसए ने कार्यवाही की कही बात

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत स्कूलों की सूरत बदलने के नाम पर पानी की तरह पैसा बहाया गया। लेकिन विद्यालयों की बदहाली दूर होने का नाम नहीं ले रही है।जिसका नजारा जिले के प्राथमिक विद्यालय बसापुर का कायाकल्प वर्ष 2020–21 में प्रारंभ हुआ था।आरोप के मुताबिक इस विद्यालय की बाउंड्री वाल व भवन की पुताई तक सही तरीके से नहीं कराई गई थी।योगी सरकार ने भले ही कायाकल्प योजना के तहत विद्यालयों को चुस्त–दुरुस्त करने का बीड़ा उठाया रहा हो लेकिन हकीकत में कुछ और ही दिखाई पड़ रहा है।डीकेयूध्एनबीसी चौनल की टीम ने जब शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर के प्राथमिक विद्यालय बसापुर(खदरा) पहुंच कर देखा तो विद्यालय में पांच पंखे विद्यालय में पठन–पाठन करने वाले छात्र छात्राओं के लिए लगाए गए हैं।एक भी पंखा नहीं चल रहा है।वही विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापिका प्रतिभा सिंह से जब भास्कर ने पूछा कि कायाकल्प कब हुआ था तो उन्होंने बताया कि कायाकल्प हुए एक वर्ष ही हुआ है अब पंखा नहीं चल रहा था।इन पंखों का एक बार कंडेनसर भी बनवाया गया उसके बाद भी नहीं चल सके।इस संबंध में बीएसए अयोध्या संतोष देव पांडे का कहना है कि यदि ऐसा है तो मामले की जांच कराई जाएगी तथा दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# बीए,बीएससी व बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा कल से

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीए, बीएससी एवं बीकॉम भाग एक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 14 मार्च से प्रारम्भ होकर 09 अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने शनिवार को दोपहर 12 बजे परिसर के कांफ्रेंस हाल से केन्द्राध्यक्षों के साथ ऑनलाइन बैठक की।इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सात जनपदों के कुल 425 परीक्षा केन्द्रों को शासन के मंशानुरूप शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन परीक्षा कराये जाने निर्देश दिया गया। इसके लिए सभी केन्द्रों के कक्ष में सीसीटीवी कैमरें सुचारू रूप से संचालित कराने होंगे। इसकी निगरानी विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से की जायेगी। दो पालियों में 1 लाख 96 हजार परीक्षार्थी देंगे जिसमें 95 हजार 745 छात्राएं एवं 99 हजार 932 छात्र शामिल होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा को सकुशल निपटाने के लिए सात जनपदों में कुल 17 नोडल केन्द्र बनाये गये है। इन केन्द्रों द्वारा प्रश्न–पत्रों का वितरण एवं उत्तर पुस्तिका का संकलन किया जायेगा। सभी परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नियुक्त 10 आब्जर्वरों के द्वारा किया जायेगा।इस बैठक में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि बीए, बीएससी एवं बीकॉम भाग–एक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 14 मार्च से प्रारम्भ होकर 09 अप्रैल तक चलेगी। शासन के दिए गए निर्देश क्रम में नकलविहीन परीक्षा कराई जानी है। कोविड–19 प्रोटोकॉल का पूर्णतः पालन सभी परीक्षा केन्द्रों को कराना होगा। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि कुलपति प्रो0 सिंह के निर्देशक्रम में सभी परीक्षा केन्द्रों को यह निर्देश प्रदान किया गया है कि परीक्षा के समय कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरें सुचारू रूप से संचालित होते रहे। इन केन्द्रों पर लगे कैमरे की निगरानी विश्वविद्यालय के कंट्रोल कराई जायेगी।कैमरे बन्द पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि सकुशल व शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए आब्जर्वर के अलावा विश्वविद्यालय के कुलपति व अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया जायेगा। परीक्षा सभी केन्द्रों पर दो पालियों में होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 8 बजे 11 बजे तक व द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से सायं पांच बजे तक चलेगी। बैठक में परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा को लेकर सभी परीक्षा केन्द्रों को यथावत दिशा–निर्देश प्रदान कर दिए गए है। बैठक में विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव मोहम्मद सहील, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, प्रोग्रामर रवि मालवीय सहित विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों प्राचार्य एवं केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

# रामराज के लिए मोदी–योगी ने हमें गले लगाकर रावणराज आने से रोका – संजय निषाद

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद राम नारी अयोध्या पहुंचकर कहा कि जिस तरह श्रीराम ने निषादराज को गले लगाया था,ठीक उसी तरह पीएम मोदी और सीएम योगी ने हमें रामराज की स्थापना के लिए गले लगाकर रावणराज को आने से रोक दिया। जिस तरह मोदी–योगी ने हमें प्यार दिया उसके लिए धन्यवाद देता हूं।अपने संबोधन में संजय निषाद ने एक होटल में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि जो भाजपा शासन काल से पहले पिछली सरकारें रावण राज्य का इस्तेमाल करके जनता को दुख दे रही थी, उसे रोकने के लिए जिस तरह मोदी–योगी ने हमें प्यार दिया, उसके लिए धन्यवाद देता हूं।भाजपा नेताओं ने अपने प्रत्याशियों को जितवाने के लिए तन–मन–धन से काम किया।ठीक उसी तरह निषाद पार्टी के प्रत्याशियों के लिए भी प्रचार और सहयोग किया गया।संजय निषाद ने कहा कि राजनीति का जो संकल्प मैंने 12 जनवरी 2013 को निषाद राज के किले पर लिया था कि जहां भगवान राम ने वनवास में समय बिताया था और बड़े भाई निषादराज के गले मिले थे तो दुनिया में शांति आई थी। बदले में निषाद राज ने अपनी सेना लंका भेजी थी तो रावण का वध हुआ था। दो राज्य था एक रावण राज्य और दूसरा राम राज्य। रावणराज खत्म होकर रामराज की स्थापनी हुई थी। इसी तरह हमने रावणराज को आने से रोका और हमारी पार्टी के कुल 11 उम्मीदवार चुनाव जीते हैं, 6 पार्टी के 'भोजन भरी थाली' सिंबल पर और 5 भाजपा के निशान पर जीते हैं। उन्होंने कहा कि 5 प्रत्याशी बेहद कम अंतर से हारे हैं 2017 में भाजपा जिन 9 सीटों पर हार गई थी उनमें से 6 पर निषाद पार्टी ने जीत हासिल की है।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों की अब खैर नहीं, 13 चौराहे और 5 तिराहे हुए आईटीएमएस युक्त

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता) राम नारी अयोध्या जुड़वा नगर जल्द ही आपको मेट्रो सिटी की तरह दिखने लगेगा।यहां के ट्रैफिक सिस्टम को कंट्रोल करने के लिए बड़े–बड़े शहरों में मौजूद प्रणालियों का अध्ययन करने के बाद नायाब तरीका इजाद किया गया है।इस दिशा में शहर के चौराहों व तिराहों को इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमस) से युक्त बनाया जा रहा है। शहर के 18 स्थानों पर सिस्टम के तहत काम शुरू हो गया है, जबकि चार जगहों पर काम अभी शेष है। मेट्रो सिटीज की तर्ज पर हो रहे कार्य की बदौलत ट्रैफिक सिस्टम ही कंट्रोल नहीं होगा, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी अयोध्या में 22 जगहों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा सकेगी। पर्यटन के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धमक बनाने वाली रामनगरी में पर्यटकों की संख्या में प्रतिदिन इजाफा होता जा रहा है। इसी के साथ ही अयोध्या को हाईटेक बनाने की कवायद भी जारी है। इस काम में नगर निगम भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।शहरवासियों को ट्रैफिक समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने टेक्नोसेस सिक्योरिटी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड को शहर में 22 स्थानों को आईटीएमएस युक्त करने का जिम्मा सौंपा था, जिसमें से 18 स्थानों पर काम शुरू हो गया है, जबकि चार जगहों पर काम चल रहा है। 18 में से 13 चौराहों व 5 तिराहों को आईटीएमएस युक्त कर दिया गया है। इस पर निगरानी रखने के लिए अमानीगंज में कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां से 24 घंटे नजर रखी जा रही है। टेक्नोसेस कंपनी अब तक मथुरा, फिरोजाबाद व लखनऊ में भी आईटीएमएस पर काम कर चुकी है। क्या है आईटीएमएस का कार्य?आईटीएमएस युक्त चौराहों पर ट्रैफिक लाइट्स लग गई हैं। साथ ही इन चौराहों व तिराहों पर दो खास तरह के कैमरे लगाए गए हैं। रेडलाइट वायलेशन डिटेक्शन (आरएलवीडी) व ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिक्गनीशन (एएनपीआर) कैमरे लगे हैं। आरएलवीडी कैमरों का काम रेड लाइट जंप करने वालों को पकड़ना है तो एएनपीआर कैमरे नंबर प्लेट सीन करने का काम करेंगे। आईटीएमएस का लब्बोलुआब यही है कि ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान रेड लाइट क्रॉस करने, रांग साइड जाने पर, बाइक पर ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट लगाए जा रहे लोगों की पहचान हो सकेगी। यह 18 स्थान आईटीएमएस युक्त नया घाट सबसे बड़ा चौराहा, पुलिस लाइन चौराहा, रिकाबगंज चौराहा, हनुमान गुफा चौराहा, श्रीराम अस्पताल तिराहा, नया घाट चौराहा, साकेत पेट्रोल पंप चौराहा, सहादतगंज बाईपास, रायबरेली बाईपास, सुल्तानपुर बाईपास, देवकाली बाईपास, गुरु गोविंद सिंह चौराहा, उदया चौराहा, देवकाली तिराहा, गुदड़ी बाजार, सिविल लाइन तिराहा, पोस्ट आफिस चौराहा व नाका तिराहा पर योजना के तहत कार्य शुरू हो गया है।वहीं न्यू बस स्टैंड, श्रीराम एयरपोर्ट गेट, श्रीनगर घाट व फतेहगंज चौक का आईटीएमएस बनाने का काम अभी चल रहा है। शहर के ट्रैफिक सिस्टम को कंट्रोल में लाने के लिए अब तक 18 जगहों पर आईटीएमएस ने काम करना शुरू कर दिया है, जबकि चार पर काम चल रहा है। यह सिस्टम सुरक्षा के लिहाज से भी अयोध्या के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होंगे।

# सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)जिले के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के चौरे बाजार पुलिस चौकी के रामनगर बाजार में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई।हादसे के बाद आसपास के इलाके हड़कंप मच गया।वही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सूत्र के मुताबिक सुल्तानपुर के धनपतगंज थाना अंतर्गत अमाउ जासरपुर निवासी 18 वर्षीय सचिन शुक्ला और 11 वर्षीय अन्नू पुत्रगण बंटी शुक्ला अपनी रिश्तेदारी बीकापुर स्थित तेंदुआमाफी आए थे। रविवार की शाम दोनों वापस घर जाने के लिए निकले थे।बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के रामनगर के पास जैसे ही दोनों पहुंचे। एक साइकिल सवार बचाने के चक्कर में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान सुल्तानपुर की तरफ जा रहे एक ट्रक की चपेट में दोनों आ गए। दोनों की ट्रक के पहिए के नीचे कुचलकर मौत हो गई।इस हादसे की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मणिशंकर तिवारी और चौरे चौकी इंचार्ज राहुल पांडेय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। मृत युवक और किशोर के शव को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर ले आए। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉ सतीश चंद्र ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मणि शंकर तिवारी ने बताया कि हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।उन्होने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

# हरियाणा की कुश्ती में अविवि को मिले दो कांस्य पदक

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)सूत्र के मुताबिक विश्वविद्यालय,भिवानी,हरियाणा में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती (पुरूष) प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक मिला हैस इसे विपिन यादव ने 82 किलोग्राम और प्रशान्त पटेल ने 63 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में गुरूवार को प्राप्त किया।राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय के कुल पदकों की संख्या तीन हो गई है।इससे पूर्व अनूप कुमार ने पहला कांस्य पदक जीता था।इसी प्रतियोगिता में 97 किलोग्राम भार वर्ग में प्रदीप ने पाँचवा स्थान प्राप्त किया। चारों कुश्ती खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिये क्वालीफाई कर लिया है।जिसके चलते इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने खिलाड़ियों एवं टीम कोच को बधाई दी।इस मौके पर क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो.जसवंत सिंह,क्रीड़ा सचिव डॉ. आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि टीम कोच प्रेम चन्द्र की अगवाई में अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता में तीन पदक प्राप्त हुए है। खेल के प्रति खिलाड़ियों के सकारात्मक सोच का परिणाम है।खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर सफलता अर्जित कर रहे हैं। इस सफलता पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी प्रो. चयन कुमार मिश्रा, कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो. अजय प्रताप सिंह, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. अनुराग पाण्डेय, डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. पूनम जोशी, डॉ. सन्तोष गौड, डॉ. अमूल्य सिंह, डॉ. विनय सिंह, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. अयूब सिद्दीकी, डॉ. कपिल राणा तथा क्रीड़ा परिषद एवं खेल प्रेमियों ने अपार हर्ष व्यक्त किया है।

# लाखों की लागत से निर्मित आदर्श तालाब हो रहे दुर्दशा का शिकार

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के रूदौली क्षेत्र के गांवों में सरकारी धन का दुरुपयोग किस तरह से किया जाता है।इस की तस्वीर अगर देखना है तो विकास खण्ड रूदौली क्षेत्र के ग्राम भगौली कुर्मियान के आदर्श मरघटिया तालाब को आकर देख सकते हैं।इस गांव में सरकार द्वारा मिनी पार्क के रूप में बनाएं गए आदर्श तालाब अब कूड़ा घर के रूप में तब्दील हो चुके हैं जो शासन प्रशासन की उपेक्षा के चलते ग्रामीण अब इस तालाब में सुबह शाम अपनी थकान उतारने नहीं बल्कि कूड़ा करकट फेंकने व कंडा पाथने और शौच की नित्य क्रिया को अंजाम देने जरूर चले आते है।विकास खण्ड रूदौली के ग्राम फगौली कुर्मियान में वर्ष 2008 –09 में 100•100 क्षेत्रफल में लगभग 7 लाख की लागत से गांव में मिनी पार्क के तौर पर आदर्श तालाब की स्थापना की गई थी।इस आदर्श तालाब के चारों ओर फैली गंदगी के कारण ग्रामीण सुबह और शाम की सैर करना भूल गये हैं।यहां लोगों के बैठने के लिए बनाई गई सीटें टूट चुकी हैं और लगाए गए फूल पौधे भी विलुप्त हो गए हैं।ग्राम फगौली कुर्मियान का मरघटिया आदर्श तालाब इसकी ताजा मिसाल है।ग्रामीण बताते हैं कि इस तालाब के निर्माण से लेकर अब तक एक बार भी इस तालाब में पानी नहीं भराया गया।बल्कि इसकी दुर्दशा का यह आलम है कि तालाब के बीच में पुवाल व कंडा के ढेर लगे हुए हैं।इसके अलावा ग्राम भिटौरा,अख्तियारपुर,बहोरीकपुर,खण्ड पिपरा,फिरोजपुर मख्दूमी,वाजिदपुर सहित दर्जनों तालाबों की यही स्थित है।जल संरक्षण और सौन्दरी करण के उद्देश्य से आदर्श तालाबों की स्थापना की गयी थी।शासन की मंशा के अनुसार अब अन्य कार्य प्राथमिकता में शामिल है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।